# दो तरह के माल से व्यापारियों को आपत्ति

**खास बातें**

- व्यापारियों और किसानों के बीच हुआ था विवाद
- व्यापारी किसानों पर लगा रहे आरोप
- विवाद के पीछे कारण जानने की जरूरत




**नवभारत न्यूज**

**गंजबासौदा 20 जनवरी, कृषि उपज मंडी में किसान आए दिन व्यापारियों से छोटे-छोटे मुद्दों को लेकर उलझ रहे हैं.अनाज तिलहन व्यापारी संघ के अध्यक्ष सतीश जैन कटारे ने बताया की अनेक किसान दो तरह का माल ट्रैक्टर ट्राली में भरकर लाते हैं.ऊपर कुछ और नीचे कुछ और यही कारण बनते हैं विवाद के पहले किसान ऐसा नहीं करते थे.परंतु नई पीढ़ी के कुछ किसान यह सब कर रहे हैं जब किसान के अनाज दुकान पर खाली होता है तब पता चलता है.यह अनाज दो तरह का है.व्यापारी विरोध करता है और भाव कम करता है तो किसान विरोध करता है और अन्य किसान भी उक्त किसान के साथ हो जाते हैं.बगैर जानकारी लिए धरना प्रदर्शन चक्का जाम यह सब होने लगता है.इसके साथ भाव को लेकर भी विवाद होते हैं.**

भाव ऊपर से होते हैं.उतार चढ़ाव चलता रहता है इसके लिए अनाज व्यापारी दोषी नहीं होते होना यह चाहिए की जो किसान इस तरह की धोखाधड़ी करता है उसके विरुद्ध कार्रवाई होना चाहिए और इसमें किसानों को भी सहयोग करना चाहिए ताकि कोई इस तरह की गड़बड़ी भविष्य में न करें परंतु ऐसा नहीं होता प्रशासन दबाव में काम करता है अधिकारी स्थिति देखकर निर्णय लेते हैं सही स्थिति क्या है इस और ध्यान नहीं देते यही सब कारण बन रहे हैं.विवादों के इससे मंदी की छवि धूमिल होती है और अनाज व्यापारी बदनाम होते हैं वास्तविकता कोई नहीं देखता जब देखो तब कृषि उपज मंडी में चक्का जाम प्रदर्शन होते रहते हैं क्या यह उचित है क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों को स्पष्ट तौर से मंडी प्रशासन तथा वरिष्ठ अधिकारियों को हिदायत देना चाहिए कि वह निष्पक्षता के साथ जांच पड़ताल करें और जो दोषी हो उसके विरुद्ध कार्रवाई करें दबाव मैं गलत निर्णय न लें अगर यही स्थिति रही तो व्यापारी कैसे काम कर सकेंगे. यही वजह है की अनाज व्यापारियों का इस कारोबार से मोहभंग होता जा रहा है गंजबासौदा मंडी ए क्लास की है जिले की सबसे बड़ी मंडी होने के नाते दूर-दूर तक इस मंडी का नाम है नगद भुगतान किसानों को किया जाता है और भाव भी अन्य मंडियों से ज्यादा मिलते हैं इसके बाद भी व्यापारियों के साथ इस तरह का व्यवहार किया जाता है.आखिर कब तक व्यापारी बेइज्जत होता रहे कुछ किसान व्यापारियों के साथ अभद्रता पर उतर आते हैं.प्रशासन भी हमें दोषी मानता है किसानों के दबाव में अधिकारी और जनप्रतिनिधि भी सही निर्णय नहीं ले पाते समझौता की राजनीति कब तक चलती रहेगी हर बार समझौता होता है इस स्थिति में सुधार संभव नहीं है जब तक जो गलत है उस पर कार्रवाई नहीं होती.

### हमारे अधिकारी सीमित-सचिव

इस संबंध में कृषि उपज मंडी के सचिव का कहना है कि प्रशासन में बैठे बड़े अधिकारियों तथा क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों को बैठक रखना चाहिए और उसमें स्पष्ट करना चाहिए की जो भी गलत हो उसके विरुद्ध मंडी प्रशासन कार्रवाई करे हमारे अधिकार सीमित है.

### किसान मंडी का कर रहे माहौल खराब-तिलहन संघ उपाध्यक्ष

अनाज तिलहन व्यापारी संघ के उपाध्यक्ष भानु प्रताप शर्मा का कहना है कि कुछ युवा किसान मंडी का माहौल खराब कर रहे हैं.वह दो तरह का अनाज ट्रैक्टर ट्राली में भरकर लाते हैं ऊपर कुछ और अंदर कुछ और होता है.इस स्थिति में व्यापारी मजबूर हो जाता है.ऊपर अनाज साफ सुथरा बगैर मिट्टी कचरे का होता है उसका भाव तेज होता है जब अंदर खराब माल निकलता है तो विवाद स्वाभाविक है.इसके लिए किसान ही दोषी होता है उसे अपनी गलती मनाना चाहिए.परंतु वह व्यापारियों पर दबाव बनाने लगता है.धरना प्रदर्शन चक्का जाम की धमकी देता है.इससे मंडी में तनाव की स्थिति बन जाती है.वरिष्ठों को इस ओर ध्यान देना चाहिए.

# मतदाता सूची पुनरीक्षण में पारदर्शिता की मांग


### कांग्रेसियों ने एसडीएम को दिया ज्ञापन



**नवभारत न्यूज**

**सिरोंज 20 जनवरी, मतदाता सूची पुनरीक्षण एसआईआर कार्य को निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने की मांग को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने अनुविभागीय अधिकारी हरिशंकर विश्वकर्मा को ज्ञापन सौंपा. इस दौरान उन्होंने बताया कि राजस्थान में सामने आई समस्याओं को देखते हुए मध्यप्रदेश में भी इस प्रक्रिया को लेकर गंभीर आशंकाएं उत्पन्न हुई हैं.**

ऐसे में मतदाता सूची में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी न हो, इसके लिए प्रशासन से सख्त निगरानी की मांग की गई है. ज्ञापन में कांग्रेस ने मांग की कि केवल वही फॉर्म 7 मान्य किए जाएं जो निर्वाचन आयोग द्वारा अधिकृत रूप से छपवाए गए हों. बाहर से छपे या अनाधिकृत फॉर्म तत्काल निरस्त किए जावें. साथ ही एक बूथ पर एक दिन में अधिकतम 15 फॉर्म ही बीएलओ द्वारा स्वीकार किए जावें और प्रतिदिन की जानकारी तिथि अनुसार सभी राजनीतिक दलों को उपलब्ध कराई जावें. इसके अतिरिक्त फॉर्म 6 एवं फॉर्म 7 भरने वाला व्यक्ति स्वयं बूथ पर उपस्थित हो, उसकी फोटो ली जावें तथा किसी अन्य व्यक्ति द्वारा भरे गए फॉर्म को अमान्य घोषित किया जावें. इस अवसर पर सिरोंज ब्लॉक अध्यक्ष सुरेश यादव, केसर खान, अशोक यादव, इरशाद गौरी, सैफू गौरी, सादिक कुरैशी, खुशाल सिंह रघुवंशी, चंदू तिवारी, अजहर गौरी एवं अरविंद नगीना सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे.



# छात्रों को मिली पत्रकारिता शिक्षा की जानकारी

### शैक्षणिक भ्रमण पर निकले स्कूली छात्र, वन विहार में देखा सर्प उद्यान, वन्य जीव

**नवभारत न्यूज**

**सिरोंज,** नवीन व्यवसायिक शिक्षा अंतर्गत शासकीय सांदीपनी विद्यालय सिरोंज के आईटी, आईटीईएस के छात्र-छात्राओं ने माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय का औद्योगिक, शैक्षणिक भ्रमण किया. शैक्षणिक भ्रमण के दौरान छात्रों ने आधुनिक मीडिया स्टूडियो, लाइब्रेरी एवं शोध सुविधाएँ, व्यवहारिक प्रशिक्षण-कक्ष और प्रोफेशनल मीडिया अभ्यास का सीधा अनुभव प्राप्त किया. जिससे उनके कैरियर विकल्पों और पत्रकारिता शिक्षा की वास्तविक समझ विकसित हुई. छात्रों को विश्वविद्यालय कुलगुरू विजय मनोहर तिवारी द्वारा पत्रकारिता के क्षेत्र में विश्वविद्यालय की भूमिका से अवगत कराया गया. विश्वविद्यालय के बाद छात्रों ने वन विहार का भ्रमण किया. जहां उन्होंने जैव विविधता,सर्प उद्यान और वन्य प्राणियों का अवलोकन किया. छात्रङ्कछात्राओं के साथ आईटी, आईटीईएस प्रभारी रिंकेश रघुवंशी, नेहा जैन, वर्षा परिहार, नीरज रघुवंशी, अनिल शर्मा और सौरभ शर्मा सांदीपनि विद्यालय सिरोंज परिवार से सम्मिलित रहे.

### एसडीएम-तहसीलदार ने किया वॉटर टैंक का निरीक्षण, शिकायत पाई गई निराधार

**नवभारत न्यूज**

**पठारी,** फार्म चौराहा स्थित वॉटर टैंक में गंदा पानी मिलने की शिकायत को लेकर प्रशासन द्वारा निरीक्षण किया गया. एसडीएम मनीष जैन, तहसीलदार अभिषेक पांडे एवं जनपद सीईओ आयुष अग्रवाल ने मौके पर पहुंचकर वॉटर टैंक का बारीकी से निरीक्षण किया.निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने टैंक की स्थिति, पानी की गुणवत्ता एवं संभावित लीकेज की जांच की.जांच में पाया गया कि वॉटर टैंक में किसी प्रकार का लीकेज नहीं है और न ही उसमें गंदा पानी मिल रहा है.अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि शिकायत तथ्यहीन पाई गई है और नागरिकों को शुद्ध पेयजल आपूर्ति की जा रही है.इस अवसर पर सरपंच प्रतिनिधि अखिलेश पंथी, सचिव गोविंद सिंह राजपूत मुकेश जैन सहित अन्य ग्रामीणजन उपस्थित रहे.

### ग्राम अटारी खेजड़ा में सम्पन्न हुआ हिन्दू सम्मेलन

**नवभारत न्यूज**

**अटारीखेजड़ा,** ग्राम अटारी खेजड़ा में हिन्दू सम्मेलन का भव्य एवं सफल आयोजन किया गया. कार्यक्रम में मुख्य वक्ता त्रिवेश लोधी , राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, मध्य भारत प्रांत के सह शारीरिक शिक्षण प्रमुख उपस्थित रहे.जिन्होंने अपने वक्तव्य में कहा कि संघ के शताव्दी वर्ष में समाज से पंच परिवर्तन ,कुटुंव प्रबोधन सामाजिक समरसता ,पर्यावरण स्वदेशी आचरण एवं नागरिक शिष्टाचार इन सभी विषयों पर जनसमूह को संबोधित किया.कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि कथा वाचक अंकित कृष्ण , सुश्री महिमा दुबे विदिशा विभाग की सह-संयोजिका तथा मुन्नालाल शास्त्री, सराय सतपाड़ा, कैलाश नारायण दुवे की गरिमामयी उपस्थिति रही.

# आयोजित हुआ ग्रामोदय से अभ्युदय सेक्टर कार्यक्रम




**नवभारत न्यूज**

**गंजबासौदा,** प्रदेश जन अभियान परिषद, विकासखंड गंजबासौदा, जिला विदिशा के अंतर्गत राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर ग्राम विकास पखवाड़ा के तहत सेक्टर स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया.कार्यक्रम का आयोजन परिषद द्वारा चयनित नवांकुर संस्था आवरण सोशल वेलफेयर सोसायटी के तद्धावधान में ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति कुल्हार के सहयोग से किया गया.

कार्यक्रम के अंतर्गत ग्रामोदय से अभ्युदय मध्य प्रदेश अभियान के तहत स्वामी विवेकानंद व्याख्यान माला एवं युवा दिवस विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए. इस अवसर पर आवरण सोशल वेलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष अमित शर्मा ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए ग्रामीणजनों को स्वदेशी अपनाने, स्वच्छता, एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया. अतिथियों ने अपने उद्बोधन में शिक्षा, स्वास्थ्य और पर्यावरण को ग्राम विकास की आधारशिला बताया.ग्राम के शासकीय माध्यमिक विद्यालय के प्रभारी शिक्षक नेतराम विश्वकर्मा ने कहा कि किसी भी कार्य को परिणाम तक पहुंचाने का प्रयास होना चाहिए तथा जीवन में शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला.वहीं ग्राम के उपसरपंच राधेलाल अहिरवार ने गांव में हो रहे विकास कार्यों की जानकारी दी. स्वास्थ्य विभाग से अनिल खरे ने बच्चों के टीकाकरण एवं महिलाओं के संतुलित खान-पान के महत्व पर जानकारी दी.कार्यक्रम में एमएसडब्ल्यू के छात्र मोनू विश्वकर्मा ने गीत के माध्यम से प्राचीन भारत एवं विकसित भारत की संकल्पना प्रस्तुत की, जबकि छात्रा वैशाली अहिरवार ने देशभक्ति गीत से उपस्थित जनसमूह को भावविभोर किया.कार्यक्रम के समापन अवसर पर सभी उपस्थित जनों को स्वदेशी अपनाने की शपथ दिलाई गई तथा ग्राम में रैली निकालकर जन-जागरूकता फैलाई गई. साथ ही गांव की दीवारों पर स्वदेशी अपनाओ, देश बचाओ जैसे नारों का लेखन भी किया गया.कार्यक्रम का संचालन परामर्शदाता जगदीश साहू द्वारा किया गया एवं आभार प्रदर्शन श्रीमती सीमा शर्मा ने किया.कार्यक्रम में श्री गौरव शर्मा, प्रस्फुटन समिति किशनोदा से चंद्रभान दांगी, कुल्हार समिति से थान सिंह दांगी, उदयपुर समिति से सुरेंद्र शर्मा, बावली समिति से राहुल यादव, गोलू अहिरवार,शिक्षक नारायण प्रसाद शर्मा,कप्तान शाक्य, उपसरपंच कारेलाल अहिरवार, आशा सुपरवाइजर विंदेश मिश्रा, आशा एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, ग्रामवासी एवं बड़ी संख्या में स्कूली छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की.

### सनातन श्री हिंदू उत्सव समिति की सदस्यता जनवरी माह के अंत में

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा,** सनातन श्री हिंदू उत्सव समिति की सदस्यता आगामी 24, 25 एवं 26 जनवरी को खोली जा रही है.समिति के अध्यक्ष नितिन माहेश्वरी ने जानकारी देते हुए बताया कि यह सदस्यता चुनाव प्रक्रिया से पूर्व खोली जा रही है. उन्होंने स्पष्ट किया कि चुनाव अवधि के दौरान इस बार सदस्यता नहीं खोली जाएगी. अत: जो भी इच्छुक व्यक्ति सनातन श्री हिंदू उत्सव समिति का सदस्य बनना चाहते हैं, वे निर्धारित तिथियों में समिति कार्यालय, रायपुरा विदिशा में उपस्थित होकर आवेदन पत्र जमा कर सदस्यता ग्रहण कर सकते हैं.

## श्री राम धुन प्रभात फेरी में उमड़ रहा श्रद्धालुओं का जन सैलाब

**नवभारत न्यूज**

**पठारी,** नगर के पठार वाले हनुमान मंदिर में श्रीमद् भागवत कथा का वचन हो रहा है.जिसको लेकर 12 दिवसीय संगीतमय श्री रामधुन प्रतिदिन सुबह नगर में प्रभात फेरी निकाली जा रही है. प्रभात फेरी में पुरुषों, महिलाओं एवं बच्चों की सैकड़ों की संख्या में सहभागिता हो रही है. कथा संयोजक जसवंत सिंह यादव ने बताया कि श्रीमद् भागवत कथा के साथ ही आगामी 23 जनवरी को नगरवासियों के सहयोग से 20 कन्याओं के निशुल्क विवाह का आयोजन किया जाएगा. इसी पावन उद्देश्य को लेकर कस्बे में प्रतिदिन सुबह 5 बजे प्रभात फेरी निकाली जा रही है, जिसमें बड़ी माता मंदिर पर श्रद्धालुओं की काफी भीड़ उमड़ रही है. प्रभात फेरी बड़ी माता मंदिर से प्रारंभ होकर हर छठ माता मंदिर, शिव मंदिर, संजय नगर, श्री करेली धाम, मुख्य बाजार, श्री राज मंदिर, पोद्दार मंदिर होते हुए पुन: बड़ी माता मंदिर पर समापन होती है.इस दौरान भारत माता मानस मंडल के सदस्यों द्वारा डीजे के साथ श्री रामधुन एवं बुंदेली भजनों की प्रस्तुति दी जा रही है, जिससे श्रद्धालु उत्साहपूर्वक नृत्य करते हुए भक्ति में लीन नजर आ रहे हैं. नगर की गली और मोहल्ले से लोग प्रभात फेरी में शामिल होकर धार्मिक वातावरण को और भी भक्तिमय बना रहे हैं.प्रभात फेरी से पूरे नगर में धर्म, भक्ति और सामाजिक समरसता का संदेश दे रहे हैं.

शुभ हो आपकी हर सुबह, हर दिन, और पूरा जीवन...
विकास पचौरी रेडियो
84 35 250 250
मोबाइल के प्ले स्टोर / एप स्टोर पर
Vikas Pachori Radio
टाइप करके इंस्टॉल कीजिए
और लगातार 24 घण्टे
आनंद लीजिए.
एन्ड्रॉयड आई फोन

## सांची स्थित उद्यान विभाग द्वारा खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों को बढ़ावा

**नवभारत न्यज**

**सांची,** क्षेत्र में उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण गतिविधियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से सांची में स्थित उद्यान विभाग द्वारा केंद्र सरकार की प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यम उन्नयन योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है. उद्यान विभाग पूरे क्षेत्र में सक्रिय रहकर किसानों, युवाओं एवं उद्यमियों को योजना का लाभ दिलाने हेतु मार्गदर्शन प्रदान कर रहा है. उद्यान विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार योजना के अंतर्गत फल-सब्जी, अनाज, मसाला, अचार, पापड़, बेकरी, डेयरी, तेल, शहद सहित विभिन्न खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों की स्थापना पर 35 प्रतिशत तक अनुदान दिया जाएगा. प्रति इकाई अधिकतम 10 लाख रुपये तक अनुदान का प्रावधान है, वहीं बैंक ऋण पर 3 प्रतिशत ब्याज में छूट भी दी जाएगी.उद्यान अधीक्षक श्री भारकेय ने बताया कि यह योजना स्थानीय स्तर पर स्वरोजगार को बढ़ावा देने के साथ-साथ किसानों एवं छोटे उद्यमियों की आय बढ़ाने में सहायक सिद्ध होगी. उन्होंने पात्र हितग्राहियों से अपील की है कि वे उद्यान विभाग से संपर्क कर योजना की विस्तृत जानकारी प्राप्त करें और समय रहते आवेदन करें.उद्यान विभाग की सक्रिय भूमिका से सांची सहित पूरे क्षेत्र में खाद्य प्रसंस्करण को नई गति मिलने की संभावना है.इस योजना से लाभान्वित होने वाले हितग्राहियों को आवेदन के माध्यम से योजना का लाभ मिल सकेगा.

# बालाजी धाम पर होगा 51 कुंडीय महायज्ञ, कथा में उमड़ा जन सैलाब

**नवभारत न्यूज**

**पठारी,श्री बालाजी धाम बडोह मैं आयोजित होने वाले 51 कुण्डीय श्री राम महायज्ञ और श्री राम कथा मेला का आयोजन किया जा रहा है. जिसकी भव्य कलश यात्रा, मेला की व्यवस्थाओं और सुरक्षा के इंतजामों का जायजा लेने क्षेत्रीय विधायक और प्रशासनिक अमला कार्यक्रम स्थल पर पहुंचा.जहां कार्यक्रम के आयोजक और समिति के साथ बैठक आयोजित की गई. जिसमें कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए.**



24 जनवरी से 1 फरवरी तक आयोजित होने वाले 51 कुण्डीय श्री राम महायज्ञ एवं श्री राम कथा सप्ताह का भव्य आयोजन किया जा रहा है. मेला में दुकानों की बेहतर व्यवस्था और भक्तों की रोकने की बेहतर सुरक्षित व्यवस्था और मेला में आने जाने के वाले रूटों की जमकर सराहना की गई. मेला के आयोजक एवं श्री बालाजी धाम के संस्थापक महंत श्री विष्णु दास जी महाराज , विधायक हरि सिंह सप्रे और एसडीम मनीष जैन ने मेला का जायजा लेते हुए कहा कि शुद्ध पर जल की बेहतर व्यवस्था की जाए.सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएं. मध्य प्रदेश विद्युत कंपनी के अधिकारियों को 24 घंटे सुचारू रूप से विद्युत व्यवस्था मुकम्मल कराने के निर्देश दिए. विद्युत संबंधी आपदाओं की पूर्व व्यवस्थाओं का पूर्व जायजा लेने के टीम गठित करने के सख्त निर्देश दिए. जनपद सीईओ आयुष अग्रवाल को निर्देश देते हुए कहा कि ग्राम पंचायत के माध्यम से मूलभूत सुविधाओं, साफ सफाई, शुद्ध पेय जल व्यवस्था और आसपास की ग्राम पंचायत के टैंकरों की व्यवस्थाओं को करने का सुनिश्चित प्रबंध करें. पीएचई विभाग और ग्राम पंचायत को शुद्ध पेयजल व्यवस्था की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई.एसडीओपी रोशनी सिंह ने थाना प्रभारी निर्देश देते हुए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम, वाहन की व्यवस्था और रात्रि ग्रस्त जैसे महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां दी.बेहतर व्यवस्थाओं के लिए ग्राम रक्षा समिति के सदस्यों को सेवाएं देने के लिए पाबंद किया.

बालाजी धाम मेला की व्यवस्थाओं का अवलोकन कर विधायक हरि सिंह सप्रे, एसडीएम और प्रशासनिक अधिकारियों ने समिति की पूर्व तैयारियों और व्यवस्थाओं की जमकर सराहना की. इस दौरान तहसीलदार अभिषेक पांडे, सीताराम सैनी, मेला अध्यक्ष बलराम सिंह यादव, मंडल अध्यक्ष बलवीर सिंह ठाकुर, सरपंच विपेंद्र सिंह चौहान, अखिलेश पंथी, बृजेंद्र सिंह गढ़ी, पृथ्वी सिंह चौहान, संजय चौहान, अजय गढ़ी, हरिनेश यादव, राज किशोर ठाकुर, मयंक नामदेव, राजेश रिछारिया, गोविंद सिंह राजपूत मुकेश जैन आदि समिति के सदस्य एवं अधिकारी मौजूद रहे.

**आयोजन** | बगरोदा में 10 गांवों से 19 जाति, बिरादरियों के लोग शामिल, बगरोदा, भौंरा में विशाल हिंदू सम्मेलन संपन्न

# कलश यात्रा से लेकर समरसता भोज तक दिखी सामाजिक एकता

**नवभारत न्यूज**

**सिरोंज, क्षेत्र में विभिन्न बस्तियों में आयोजित किया जा रहे हिंदू सम्मेलनों की कड़ी में मंगलवार को ग्राम बगरोदा एवं भौंरा में हिंदू सम्मेलन संपन्न हुआ. कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि संजय मेहता, मुख्य वक्ता विद्या भारती प्रांत संगठन मंत्री निखिलेश माहेश्वरी तथा विशेष अतिथि समाजसेवी अवतार सिंह रघुवंशी मौजूद रहे.**



अतिथियों ने कन्या पूजन, गौमाता का पूजन कर भारत माता के चित्र का पूजन एवं दीप प्रज्वलन कर सम्मेलन का शुभारंभ किया. सम्मेलन से पूर्व सैकड़ों ग्रामीण महिलाओं, पुरुषों एवं युवाओं ने गांव में कलश यात्रा निकाली. ग्रामीणों ने अपने घरों के बाहर रंगोली सजाई, दीप प्रज्वलित किए तथा पुष्प वर्षा कर स्वागत किया. कलश यात्रा के पश्चात विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई. विशेष रूप से लव-कुश कांड पर आधारित नाट्य प्रस्तुति ने उपस्थित जनसमूह को भाव-विभोर कर दिया. मुख्य अतिथि संत संजय मेहता ने कहा कि हिंदू समाज को एकजुट होकर समरसता के साथ रहना चाहिए. मुख्य वक्ता निखिलेश माहेश्वरी ने भारत भूमि की गौरवशाली परंपरा का उल्लेख करते हुए कहा कि इस पावन धरती पर भगवानों का अवतरण हुआ और महान ग्रंथों की रचना हुई. आक्रांताओं को हिंदू समाज ने संगठित होकर खदेड़ा और देश की स्वतंत्रता के लिए अनेक वीरों ने बलिदान दिया. वर्तमान समय में लव जिहाद, लैंड जिहाद जैसी चुनौतियों से बचने के लिए समाज का एकजुट रहना आवश्यक है. उन्होंने समरसता, स्वदेशी, पर्यावरण संरक्षण, कुटुंब प्रबोधन और नागरिक शिष्टाचार पर कार्य करने का आह्वान किया. सम्मेलन में आसपास के 10 गांवों से 19 जाति-बिरादरियों के लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया. सम्मेलन में मनीरामपुर, परसोरा, छिपीखेड़ी, वामनखेड़ी, भटोली, भटाटोरा, वीरपुर, भाऊखेड़ी, आमाढाना सहित अन्य गांवों के समाजजन उपस्थित रहे. सम्मेलन के दौरान पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए सभी समाज प्रमुखों एवं अतिथियों को आम का पौधा भेंट किया गया.

### भौंरा हिंदू सम्मेलन में पंच परिवर्तन का दिया संदेश

देवपुर खंड के ग्राम भौंरा में हिंदू सम्मेलन मंगलवार को संपन्न हुआ. जिसमें अतिथि रवि श्रीवास्तव एवं अरविंद सिंह दांगी शामिल हुए. इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि संगठित हिंदू समाज ही शक्तिशाली भारत का निर्माण कर सकता है. सत्य सनातन धर्म विश्व कल्याण की कामना करता है. उन्होंने पंच परिवर्तन के बारे में बताया. उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण, नागरिक शिष्टाचार, कुटुम्ब प्रबोधन, सामाजिक समरसता एवं स्वदेशी का भाव को जीवन में शामिल करने की आवश्यकता है. इस मौके पर गांव की सड़कों से शोभायात्रा निकाली गई. कार्यक्रम के अंत में भारत माता की आरती के बाद समरसता भोज संपन्न हुआ.

# ब्रह्मा बाबा के अंतिम महावाक्य बच्चे, निराकारी, निर्विकारी और निरहंकारी बनो-ब्रह्माकुमारी रुक्मिणी दीदी

**नवभारत न्यूज**

**गंजबासौदा,** प्रजापिता प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय चर्च वाली गली बरेठ रोड स्थित सेवा केंद्र में पिताश्री ब्रह्मा बाबा का स्मृति दिवस मनाया गया जिसमें ब्रह्माकुमारी रेखा दीदी ने ब्रह्मा बाबा की स्मृति में उनकी विशेषताओं का वर्णन करते हुए कहा कि ब्रह्मा बाबा सिंध प्रांत के हैदराबाद शहर में, सन् 1876 में दादा लेखराज का जन्म कृपलानी परिवार में हुआ था. बचपन से ही उनकी बुद्धि कुशाग्र थी.अपने बाल्यकाल में माता-पिता के देहांत के पश्चात् वे अपने चचेरे भाई के राशन की दुकान पर काम करने लगे. काम करते-करते वे गरीबों को राशन दान भी करने लग गये थे, जिसे देख चचेरे भाई ने उन्हें दुकान से निकाल दिया.तत्पश्चात् बम्बई आकर उन्होंने हीरे-जवाहरात का ज्ञान प्राप्त किया और कुछ समय बाद अपना खुद का व्यवसाय प्रारंभ किया. प्रखर व तीक्ष्ण बुद्धि होने के कारण अल्पायु में उन्होंने अपने हीरे-जवाहरात के व्यापार को ना केवल कलकत्ता, राजस्थान व मुंबई, बल्कि विदेश में भी बढ़ाया.

वे अत्यंत रहमदिल तथा सात्विक स्वभाव के थे.उनके संस्कार पूर्णतया राजकुलोचित थे तथा वे शाकाहारी भी थे. दादा लेखराज का राजा-महाराजाओं के महल में बहुत विशेष व राजसी रूप से आदर, सत्कार व स्वागत किया जाने लगा.दादा की सौम्यता तथा राजकुलोचित संस्कारों को देख अनेक राजाओं के मुख से निकल ही जाता था कि ईश्वर को सचमुच राजा तो दादा को बनाना चाहिए था.दादा लेखराज ने अपने जीवन में 12 गुरू किये थे. वे नित्य गीता पाठी थे. सफर में भी गीता का पाठ अवश्य करते थे.दादा के पास पॉकेट साइज की छोटी गीता भी रहती थी.सन 1936 में दादा की आयु जब 60 साल की हुई तब उनमें अचानक बदलाव आने लगे.दादा एकांतप्रिय बनने लगे और ईश्वरीय चिंतन में मग्न रहने लगे.

ऐसे महावाक्य उनके कानों में गुंजने लगे और गुरूजी के पास जाकर उन्होंने अपनी यह बात रखी। परंतु गुरूजी भी इन बातों से अवगत नहीं थे और इस तरह के साक्षात्कार गुरूजी को भी अचंभित करते थे। इसी श्रृंखला में दादा अधिकाधिक एकांतप्रिय होने लगे और उन्हें अनेकानेक साक्षात्कार होने लगे, जैसे कि उन्हें परमपिता परमात्मा शिव तथा सृष्टि के महाविनाश का भयंकर साक्षात्कार हुआ.उस समय परमाणु हथियार कल्पना में भी नहीं था परंतु परमाणु हथियारों से चारों तरफ अग्नि फैल रही है; लोगों में तनाव, दहशत व भय है; तथा कई जगह मार-काट हो रही है, रक्त की नदियां बह रही हैं इस प्रकार के साक्षात्कार दादा को हुए.तब दादा को इस विषय में अधिक जानने की रूचि अंदर से उत्पन्न होने लगी.जिन्होंने कमरे के बाहर स एक अनोखा नजारा देखा, जो कभी नहीं देखा था. दादा प्रभु प्रेम में तल्लीन थे, उनकी आँखों तथा मुख-मंडल पर अलौकिक तेज था.दादा का कमरा लाल प्रकाश से तेजोमय हो गया था.